**Test Booklet No.**
**परीक्षण पुस्तिका सं.**

**Subject : GENERAL TEST**
**Code : 501 EH**
**Medium : English and Hindi**

**(Do not open this Test Booklet until you are asked to do so)**
**(इस परीक्षण पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे ऐसा करने के लिए न कहा जाए)**

**Test Booklet Code**
**परीक्षण पुस्तिका कोड**

**D**

| Time Allowed : **60** minutes<br>निर्धारित समय : **60** मिनट | Maximum Marks : **250**<br>अधिकतम अंक : **250** | Total Questions : **60**<br>कुल प्रश्न : **60** | Number of questions to be answered : **50**<br>उत्तर दिए जाने वाले प्रश्नों की संख्या : **50** |
|---|---|---|---|

**Kindly read the Instructions given on this Page and Back Page carefully before attempting this Question Paper.**
**कृपया इस प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले इस पृष्ठ और अंतिम पृष्ठ पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़े।**

***Important Instructions for the Candidates :***

1. This Test Booklet contains **60** questions printed in English and Hindi. Out of these, the candidate is required to answer any **50** questions. If a candidate answers more than 50 questions, the first 50 answered questions will be considered for evaluation.
2. When you are given the OMR Answer Sheet, fill in your particulars on it carefully with **blue/black** ball point pen only.
3. Use only Blue/Black Ball Point Pen for marking responses.
4. The CODE for this Test Booklet is **D**. Make sure that the CODE printed on the OMR Answer Sheet is the same as that on this Test Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and OMR Answer Sheet No. are exactly the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the OMR Answer Sheet. No claim in this regard will be entertained after five minutes from the start of the examination.
5. Before attempting the question paper kindly check that this Test Booklet has total **28** pages and OMR Answer Sheet consists of one sheet. At the start of the examination within first five minutes, candidates are advised to ensure that all pages of Test Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed and they are not damaged in any manner.
6. Each question has four answer options. Out of these four options choose the **MOST APPROPRIATE OPTION** and darken/blacken the corresponding circle on the OMR Answer Sheet with a Blue/Black Ball Point Pen.
7. Five (5) marks will be given for each correct answer. One (1) mark will be deducted for each incorrect answer. If more than one circle is found darkened/blackened for a question, then it will be considered as an incorrect answer. Unanswered questions will be given no mark.

P.T.O.

***परीक्षार्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण निर्देश :***

1. इस परीक्षण पुस्तिका में **60** प्रश्न अंग्रेज़ी और हिन्दी में मुद्रित हैं। परीक्षार्थी को इनमें से किन्हीं **50** प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। यदि परीक्षार्थी 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देता है, तो पहले 50 उत्तरित प्रश्न मूल्यांकन हेतु विचार किए जाएँगे।
2. जब आपको ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दिया जाता है तो उस पर केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से अपने विवरण ध्यानपूर्वक भरें।
3. उत्तर अंकित करने के लिए केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन का ही उपयोग करें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका का **कोड D** है। यह सुनिश्चित कर लें कि ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर मुद्रित **कोड** बिलकुल वही है, जो इस परीक्षण पुस्तिका पर मुद्रित कोड है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि आपकी परीक्षण पुस्तिका संख्या बिलकुल वही है, जो ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक संख्या है। यदि ये अलग-अलग हैं, तो परीक्षार्थी तुरंत इसकी जानकारी निरीक्षक को दे कर उनसे परीक्षण पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दोनों बदल कर ले लें। परीक्षा शुरू हो कर पाँच मिनट बीत जाने के बाद इस संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. प्रश्न-पत्र को हल करना शुरू करने से पहले यह जाँच लें कि इस परीक्षण पुस्तिका में कुल **28** पृष्ठ हैं और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में एक ही पत्रक है। परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है, कि परीक्षा शुरू होने पर, पहले पाँच मिनटों के अन्दर, यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पृष्ठ और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक ठीक से मुद्रित हैं और वे किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हैं।
6. प्रत्येक प्रश्न में चार उत्तर विकल्प हैं। इन चारों विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त विकल्प** को चुनें और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर उससे संगत वृत्त को नीले/काले बॉल पॉइंट पेन से गहरा/काला करके भरें।
7. प्रत्येक सही उत्तर के लिए पाँच (5) अंक दिए जाएँगे। प्रत्येक ग़लत उत्तर के लिए एक (1) अंक काटा जाएगा। यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त गहरे/काले पाए जाते हैं, तो उसे ग़लत उत्तर माना जाएगा। अनुत्तरित प्रश्नों के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा।

कृ.पृ.प.

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :
Application Number (in figures) : ____________________
आवेदन संख्या (अंकों में) :
Roll Number (in figures) : ____________________
अनुक्रमांक (अंकों में) :
Centre of Examination (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :
Candidate's Signature : ____________ Invigilator's Signature : ____________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :
Facsimile signature stamp of Centre Superintendent : ____________________
केन्द्र अधीक्षक की हस्ताक्षर मोहर :

**1.** Match List-I with List-II :

| **List-I** **Centre of Handicraft** | **List-II** **State** |
|---|---|
| (A) Mon | (I) Arunachal Pradesh |
| (B) Nalbari | (II) Assam |
| (C) Pasighat | (III) Meghalaya |
| (D) Tura | (IV) Nagaland |

Choose the correct answer from the options given below.

(1) (A) - (IV), (B) - (II), (C) - (I), (D) - (III)

(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (IV), (D) - (II)

(3) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (I), (D) - (II)

(4) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

**2.** Who has been appointed the Chairman of the $16^{th}$ Finance Commission of India ?

(1) Ajay Narayan Jha

(2) Smt. Annie George Mathew

(3) Pradip Kumar Mohanty

(4) Dr. Arvind Panagariya

**3.** Sri Ranganathswamy Temple which is situated in Tamil Nadu, is dedicated to which deity ?

(1) Lord Shiva

(2) Lord Vishnu

(3) Goddess Durga

(4) Goddess Lakshmi

**4.** The Election Commission of India gets the power to conduct elections from which of the following articles ?

(1) Article 324 (2) Article 280

(3) Article 264 (4) Article 26

**1.** सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I**<br>**हस्तशिल्प केंद्र** | **सूची-II**<br>**राज्य** |
|---|---|
| (A) मोन | (I) अरुणाचल प्रदेश |
| (B) नलबारी | (II) असम |
| (C) पासीघाट | (III) मेघालय |
| (D) तुरा | (IV) नागालैंड |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) (A) - (IV), (B) - (II), (C) - (I), (D) - (III)

(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (IV), (D) - (II)

(3) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (I), (D) - (II)

(4) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

**2.** भारत के 16वें वित्त आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है ?

(1) अजय नारायण झा

(2) श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू

(3) प्रदीप कुमार मोहंती

(4) डॉ. अरविंद पनगढ़िया

**3.** तमिलनाडू का श्री रंगनाथस्वामी मंदिर किस देवता को समर्पित है ?

(1) भगवान शिव

(2) भगवान विष्णु

(3) देवी दुर्गा

(4) देवी लक्ष्मी

**4.** भारत के चुनाव आयोग को निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद से चुनाव कराने का अधिकार मिलता है ?

(1) अनुच्छेद 324 (2) अनुच्छेद 280

(3) अनुच्छेद 264 (4) अनुच्छेद 26

**5.** In which state is ''Amchang Wildlife Sanctuary'' loacted ?

(1) Assam (2) Rajasthan

(3) Odisha (4) Manipur

**6.** India's first 3D-printed Post Office has been inaugurated in :

(1) Guwahati (2) Kolkata

(3) Mumbai (4) Bengaluru

**7.** What should come in the place of the question mark (?) in the following alphanumeric series ?

A1X, B4P, E25J, J100F, ?

(1) O289D (2) O225E

(3) Q289D (4) Q225E

**8.** In the given analogy, choose the word which will replace the question mark :

NEGI : MVTR :: SING : ?

(1) TRNS (2) TRNT

(3) FRMT (4) HRMT

**9.** In a certain code language 'ki ru pi' means 'nobody like cruel', 'ki mi cha' means 'king was cruel' and 'ru pi cha' means 'nobody like king'. What is the code for 'was' in the given code language ?

(1) ki (2) mi

(3) cha (4) ru

**10.** Read the following information carefully to choose the best option for the question :

'P % Q' means that 'P is the sister of Q'

'P + Q' means that 'P is the son of Q'

'P × Q' means that 'P is the husband of Q'

'P – Q' means that 'P is the brother of Q'

Which of the following means 'A is the son-in-law of G' ?

(1) A × U + S × G (2) A + S % U × G

(3) A – S + U × G (4) A × U % S + G

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

5. ''अमचांग वन्यजीव अभयारण्य'' किस राज्य में स्थित है ?

(1) असम (2) राजस्थान

(3) ओडिशा (4) मणिपुर

6. भारत के पहले 3D-मुद्रित डाकघर का उद्घाटन कहाँ किया गया है ?

(1) गुवाहाटी (2) कोलकाता

(3) मुंबई (4) बेंगलुरू

7. निम्नलिखित ऐल्फान्यूमेरिक श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए ?

A1X, B4P, E25J, J100F, ?

(1) O289D (2) O225E

(3) Q289D (4) Q225E

8. प्रश्नवाचक चिह्न को उस विकल्प से प्रतिस्थापित कीजिए जो पहले युग्म में लागू समान तर्क का अनुसरण करता है :

NEGI : MVTR :: SING : ?

(1) TRNS (2) TRNT

(3) FRMT (4) HRMT

9. एक निश्चित कोड भाषा में 'ki ru pi' का अर्थ है 'nobody like cruel', 'ki mi cha' का अर्थ है 'king was cruel' और 'ru pi cha' का अर्थ है 'nobody like king'। दी गई कोड भाषा में 'was' के लिए कोड क्या है ?

(1) ki (2) mi

(3) cha (4) ru

10. प्रश्न के लिए सबसे अच्छा विकल्प चुनने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

'P % Q' का अर्थ है कि 'P, Q की बहन है'

'P + Q' का अर्थ है कि 'P, Q का पुत्र है'

'P × Q' का अर्थ है कि 'P, Q का पति है'

'P – Q' का अर्थ है कि 'P, Q का भाई है'

निम्नलिखित में से किसका अर्थ है 'A, G का दामाद है' ?

(1) A × U + S × G (2) A + S % U × G

(3) A – S + U × G (4) A × U % S + G

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**11.** If 26$^{th}$ January, 2020 was a Sunday, then what day of the week was it on 16$^{th}$ March of that year ?

(1) Sunday (2) Monday

(3) Tuesday (4) Wednesday

**12.** What will be the measurement of the angle made by the hour and minute hands of a clock when the time is 'quarter past 3' ?

(1) $6\frac{1}{2}^\circ$ (2) $10^\circ$

(3) $7\frac{1}{2}^\circ$ (4) $8\frac{1}{2}^\circ$

**13.** If in a certain code laguage, 'MERCURY' is coded as 'NGUGZXF', then how will 'ENTANGLE' be coded in the same code language ?

(1) FPXFSMSM (2) FPWESMSM

(3) FPWESNSN (4) FPWFTNSM

**14.** The problem given below consists of a question and two statements numbered I and II. You have to decide whether the data provided in the statements are sufficient to answer the question.

How many sisters does Sunny have ?

I. Sunny is the only son of his parents.

II. Sunny's parents have three children.

(1) Only statement I alone is sufficient to answer the question.

(2) Only statement II alone is sufficient to answer the question.

(3) Statements I and II together are sufficient to answer the question.

(4) Either statement I or II alone is sufficient to answer the question.

**15.** A boy leaves his house. He travels 6 km towards South, then travels 8 km towards West and further travels 9 km towards South. How far and in which direction is he from his house now ?

(1) 13 km, South West

(2) 17 km, South West

(3) 17 km, North West

(4) 13 km, West

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**11.** यदि 26 जनवरी, 2020 को रविवार था, तो उस वर्ष 16 मार्च को सप्ताह का कौन-सा दिन था ?

(1) रविवार (2) सोमवार

(3) मंगलवार (4) बुधवार

**12.** घड़ी के घंटे और मिनट की सूइयों के बीच के कोण का माप क्या होगा, जब समय 3:15 है ?

(1) $6\frac{1}{2}^\circ$ (2) $10^\circ$

(3) $7\frac{1}{2}^\circ$ (4) $8\frac{1}{2}^\circ$

**13.** यदि एक निश्चित कोड भाषा में, 'MERCURY' को 'NGUGZXF' के रूप में कोडित किया जाता है, तो 'ENTANGLE' को उसी कोड भाषा में कैसे कोडित किया जाएगा ?

(1) FPXFSMSM (2) FPWESMSM

(3) FPWESNSN (4) FPWFTNSM

**14.** नीचे दी गई समस्या में एक प्रश्न और दो कथन हैं जिनकी संख्या I और II है। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं।

सनी की कितनी बहनें हैं ?

I. सनी अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है।

II. सनी के माता-पिता के तीन बच्चे हैं।

(1) केवल कथन I प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

(2) केवल कथन II प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

(3) कथन I और II एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

(4) केवल कथन I या फिर II प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

**15.** एक लड़का अपने घर से निकलता है। वह दक्षिण की ओर 6 km की यात्रा करता है, फिर पश्चिम की ओर 8 km की यात्रा करता है और आगे दक्षिण की ओर 9 km की यात्रा करता है। अब वह अपने घर से कितना दूर और किस दिशा में है ?

(1) 13 km, दक्षिण पश्चिम

(2) 17 km, दक्षिण पश्चिम

(3) 17 km, उत्तर पश्चिम


(4) 13 km, पश्चिम





---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**16.** Find out which of the answer figures completes the figure matrix :

Problem figure :








(1)  (2)  (3)  (4) 

**17.** A clock seen through a mirror shows 'quarter to seven'. What is the correct time shown by the clock ?

(1) 6:15 (2) 6:17 (3) 5:17 (4) 5:15

**18.** The sequence of folding a piece of paper and the manner in which the folded paper has been cut is shown in the following figures. How would this paper look when unfolded ?





(1)  (2)  (3)  (4) 


SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह


**16.** पता करें कि कौन-सी उत्तर आकृति, आकृति मैट्रिक्स को पूरा करेगी ?


समस्या आकृति :




(1) 

(2) 

(3) 


(4) 


**17.** दर्पण के माध्यम से देखी जाने वाली एक घड़ी 6:45 दिखाती है। उसी घड़ी द्वारा दिखाया गया सही समय क्या है ?


(1) 6:15 (2) 6:17 (3) 5:17 (4) 5:15


**18.** कागज़ के एक टुकड़े को मोड़ने का क्रम और जिस तरह से मुड़े हुए कागज़ को काटा गया है, उसे निम्नलिखित आकृतियों में दिखाया गया है। जब इस कागज़ को खोला जाएगा तो यह कैसा दिखेगा ?




(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

**19.** Find out the missing (?) number and letter.




(1) 59 and K

(2) 61 and L

(3) 61 and K

(4) 59 and L

**20.** What will be the next number of the series

3, 6, 10.5, 17, 26, ?

(1) 31

(2) 38

(3) 40

(4) 41

**21.** In a class of 40 students, Anjali's rank is thrice that of Anita. There are 4 students who have ranks worse than that of Anjali. Anita's rank in the class is :

(1) 9th

(2) 10th


(3) 18th

(4) 12th

**22.** Six people E, H, K, M, S and U are seated in a circle facing the centre. U and H are immediate neighbours of M. E is the only person sitting between K and S. H is to the immediate right of S. Who is to the immediate right of U ?

(1) M (2) E (3) K (4) S

**19.** लुप्त (?) संख्या और अक्षर का पता लगाएँ।




(1) 59 और K

(2) 61 और L

(3) 61 और K

(4) 59 और L

**20.** श्रृंखला की अगली संख्या क्या होगी ?

3, 6, 10.5, 17, 26, ?

(1) 31

(2) 38

(3) 40

(4) 41

**21.** 40 छात्रों की एक कक्षा में अंजलि का रैंक अनीता से तीन गुना है। ऐसे 4 छात्र हैं जिनका रैंक अंजलि से भी खराब है। कक्षा में अनीता का रैंक है :

(1) 9वां

(2) 10वां

(3) 18वां

(4) 12वां

**22.** छह लोग E, H, K, M, S और U केंद्र की ओर मुँह करके एक वृत्त में बैठे हैं। U और H, M के सन्निकट पड़ोसी हैं। K और S के बीच बैठने वाला एकमात्र व्यक्ति E है। S के ठीक दाईं ओर H है। तो U के ठीक दाईं ओर कौन है ?

(1) M (2) E (3) K (4) S


**23.** Find out which of the answer figures from the options can be formed using all the pieces given in the problem figure.


Problem figure



(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

**24.** Read the given statements and conclusions carefully assuming that the information given in the statements is true, even if it appears to be at variance with commonly known facts. Decide which of the given conclusion(s) logically follows from the statements.

*Statements :*

No keyboard is a mouse.

All mouses are computers.

All computers are laptops.

*Conclusions :*

I. All mouses are laptops.

II. All computers can never be keyboards.

(1) Only conclusion I follows

(2) Only conclusion II follows

(3) Neither conclusion I nor II follows


(4) Both conclusions I and II follow

**23.** पता लगाएँ कि समस्या आकृति में दिए गए सभी टुकड़ों से विकल्पों में से कौन-सी आकृति बनाई जा सकती है ?


समस्या आकृति



(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

**24.** दिए गए वक्तव्यों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें यह मानते हुए कि वक्तव्यों में दी गई जानकारी सही है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो। यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से तार्किक रूप से वक्तव्यों का अनुसरण करता/ते है/हैं।

*वक्तव्य :*

कोई कीबोर्ड माउस नहीं है।

सभी माउस कंप्यूटर हैं।

सभी कंप्यूटर लैपटॉप हैं।

*निष्कर्ष :*

I. सभी माउस लैपटॉप हैं।

II. सभी कंप्यूटर कभी भी कीबोर्ड नहीं हो सकते।

(1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

(3) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है

(4) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं

**25.** Simplify : $24 \div 4 \times 2 + 8 - 4 = ?$

(1) 1 (2) 7 (3) 16 (4) 56

**26.** The difference of the greatest and the smallest of the fractions $\frac{1}{2}, \frac{8}{11}, \frac{7}{8}, \frac{7}{9}, \frac{5}{6}$ is :

(1) $\frac{3}{8}$ (2) $\frac{6}{7}$ (3) $\frac{7}{9}$ (4) $\frac{1}{3}$

**27.** The sum of LCM and HCF of two numbers is 854. If the LCM is 60 times the HCF and one of the numbers is 70, then the other number is

(1) 160 (2) 164 (3) 168 (4) 172

**28.** The present age of Harish is 8 times the sum of the ages of his two sons at present. After 8 years, his age will be 2 times the sum of the ages of his two sons. The present age of Harish (in years) is :

(1) 31 (2) 32

(3) 33 (4) 34

**29.** In an examination, it is required to get 300 marks to pass. A student gets 225 marks and is declared fail by 10% marks. What are the maximum marks of the examination ?

(1) 700 (2) 750

(3) 800 (4) 850

**30.** In a class of 40 students, ratio of boys and girls is 3 : 2 and the average marks scored by boys is 42 and that by girls is 46. Then the average marks scored by the whole class is :

(1) 43.4 (2) 43.6

(3) 43.8 (4) 44

**31.** The sum of three numbers is 136. If the ratio between the first number and the second number is 2 : 3 and that between the second and the third number is 5 : 3, then the first number is :

(1) 42 (2) 40

(3) 36 (4) 32

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**25.** सरल कीजिए : $24 \div 4 \times 2 + 8 - 4 = ?$

(1) 1 (2) 7 (3) 16 (4) 56

**26.** नीचे दिए गये भिन्नों में सबसे बड़े और सबसे छोटे भिन्न का अंतर क्या है :

$$\frac{1}{2}, \frac{8}{11}, \frac{7}{8}, \frac{7}{9}, \frac{5}{6}$$

(1) $\frac{3}{8}$ (2) $\frac{6}{7}$ (3) $\frac{7}{9}$ (4) $\frac{1}{3}$

**27.** दो संख्याओं के लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) का योगफल 854 है। यदि लघुतम समापवर्त्य, महत्तम समापवर्तक का 60 गुना है और एक संख्या 70 है, तो दूसरी संख्या है :

(1) 160 (2) 164 (3) 168 (4) 172

**28.** हरीश की वर्तमान आयु उसके दो बेटों की वर्तमान आयु के योगफल का 8 गुना है। 8 वर्ष के बाद उसकी आयु उसके दो बेटों की आयु के योगफल का 2 गुना हो जाएगी। हरीश की वर्तमान आयु (वर्षों में) है :

(1) 31 (2) 32

(3) 33 (4) 34

**29.** एक परीक्षा में, उत्तीर्ण होने के लिए 300 अंक प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। एक छात्र को 225 अंक मिलते हैं और उसे 10 प्रतिशत अंकों से अनुत्तीर्ण घोषित किया जाता है। परीक्षा के अधिकतम अंक क्या हैं ?

(1) 700 (2) 750

(3) 800 (4) 850

**30.** 40 छात्रों की एक कक्षा में, लड़कों और लड़कियों का अनुपात 3 : 2 है और लड़कों द्वारा प्राप्त औसत अंक 42 हैं और लड़कियों द्वारा 46 हैं। तो पूरी कक्षा द्वारा प्राप्त औसत अंक हैं :

(1) 43.4 (2) 43.6

(3) 43.8 (4) 44

**31.** तीन संख्याओं का योगफल 136 है। यदि पहली संख्या और दूसरी संख्या के बीच का अनुपात 2 : 3 है और दूसरी और तीसरी संख्या के बीच का अनुपात 5 : 3 है, तो पहली संख्या है :

(1) 42 (2) 40

(3) 36 (4) 32

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**32.** An item is sold for ₹ 504 after allowing 20% discount and still a profit of 5% has been earned. The marked price is how much more than the cost price ?

(1) ₹ 120 (2) ₹ 135

(3) ₹ 150 (4) ₹ 160

**33.** A certain sum becomes ₹ 2,356 in 3 years and ₹ 2,660 in 5 years on simple interest. The value of sum is :

(1) ₹ 1,800 (2) ₹ 1,880 (3) ₹ 1,900 (4) ₹ 1,980

**34.** In a square, lengths of the diagonals are (4k + 6) cm and (7k – 3) cm. The area of the square (in $cm^2$) is :

(1) 144 (2) 162 (3) 169 (4) 172

**35.** The volume of a cylinder having base radius 3 cm is 396 $cm^3$. Find its curved surface area (in $cm^2$).

(Use $\pi = \frac{22}{7}$)

(1) 280 (2) 301.5 (3) 264 (4) 320.6

**36.** A tap can fill a tank in 6 hours. After half the tank is filled, three more similar taps are opened. What is the total time taken to fill the tank completely ?

(1) 4 hours (2) 5 hours

(3) 3 hours 30 minutes (4) 3 hours 45 minutes

**37.** A train running at the speed of 80 km/h crosses a 350 m long tunnel in 36 seconds. The length of the train (in m) is

(1) 350 (2) 380 (3) 420 (4) 450

**38.** If the mean of 3, 4, 9, 2k, 10, 8, 6 and (k + 6) is 8, and mode of 2, 2, 3, 2p, (2p + 1), 4, 4, 5 and 6 (p is a natural number) is 4, then the value of (k – 2p) is :

(1) 0 (2) 1 (3) 2 (4) 3

**39.** In triangle ABC, points D and E are on AB and AC respectively such that DE is parallel to BC. If AD = 6 cm, DB = 4 cm, AE = 9 cm, then the length of EC (in cm) is

(1) 7 (2) 6.4 (3) 6 (4) 5.5

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**32.** किसी वस्तु पर 20% छूट देने के बाद उसे ₹ 504 में बेचा जाता है और फिर भी उस वस्तु पर 5% का लाभ अर्जित किया जाता है। अंकित मूल्य, लागत मूल्य से कितना अधिक है ?

(1) ₹ 120 (2) ₹ 135

(3) ₹ 150 (4) ₹ 160

**33.** एक निश्चित राशि साधारण ब्याज पर 3 वर्षों में ₹ 2,356 और 5 वर्षों में ₹ 2,660 हो जाती है। मूल राशि का मूल्य क्या है ?

(1) ₹ 1,800 (2) ₹ 1,880 (3) ₹ 1,900 (4) ₹ 1,980

**34.** एक वर्ग में, विकर्णों की लंबाई (4k + 6) cm और (7k – 3) cm है। वर्ग का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) है :

(1) 144 (2) 162 (3) 169 (4) 172

**35.** आधार त्रिज्या 3 cm वाले बेलन का आयतन 396 $cm^3$ है। इसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ ) का उपयोग करें)

(1) 280 (2) 301.5 (3) 264 (4) 320.6

**36.** एक टैंक को भरने में एक पाइप 6 घंटे लेता है। आधा टैंक भरने के बाद, पहले पाइप जैसे तीन और पाइप टैंक में खोले गए। टैंक को भरने में कुल कितना समय लगेगा ?

(1) 4 घंटे (2) 5 घंटे

(3) 3 घंटे 30 मिनट (4) 3 घंटे 45 मिनट

**37.** 80 km/h की गति से चलने वाली एक ट्रेन 350 m लंबी सुरंग को 36 सेकंड में पार करती है। ट्रेन की लंबाई (m में) ______ है।

(1) 350 (2) 380 (3) 420 (4) 450

**38.** यदि 3, 4, 9, 2k, 10, 8, 6 और (k + 6) का माध्य 8 है, और 2, 2, 3, 2p, (2p + 1), 4, 4, 5 और 6 (p एक प्राकृतिक संख्या है) का बहुलक 4 है, तो (k – 2p) का मान है :

(1) 0 (2) 1 (3) 2 (4) 3

**39.** त्रिभुज ABC में, बिंदु D और E क्रमशः AB और AC पर इस तरह हैं कि DE, BC के समानांतर है। यदि AD = 6 cm, DB = 4 cm, AE = 9 cm है, तो EC की लंबाई (cm में) है :

(1) 7 (2) 6.4 (3) 6 (4) 5.5

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**40.** If $\sin A = \frac{4}{5}$, then $(3 - \tan A)(2 + \cos A) =$

(1) $\frac{12}{5}$ (2) $\frac{13}{3}$ (3) $\frac{13}{5}$ (4) 3

**41.** A man can row a boat at 8 km/h in still water. If the speed of the water current is 2 km/h and it takes him 2 hours to row to a place and come back, then how far off (in km) is the place ?

(1) 7.5 (2) 6 (3) 9.5 (4) 10

**42.** From the given options, which pass connects Jammu with Srinagar ?

(1) Banihal pass (2) Nathu La pass

(3) Niti pass (4) Rohtang pass

**43.** Which of the following is ***not*** correctly matched regarding Padma Awards-2024 ?

(1) Padma Vibhushan Award ⟶ Shri Konidela Chiranjeevi

(2) Padma Shri Award ⟶ Mithun Chakraborty

(3) Padma Bhushan Award ⟶ M. Fathima Beevi

(4) Padma Bhushan Award ⟶ Sitaram Jindal

**44.** Match List-I with List-II :

| **List-I**<br>**Person** | **List-II**<br>**Area of work** |
|---|---|
| (A) Vishakhadatta | (I) Medicine |
| (B) Kartikeya Sarabhai | (II) Poet |
| (C) Charaka | (III) Environmentalist |
| (D) Satyendra Nath Bose | (IV) Mathematics |

Choose the correct answer from the options given below.

(1) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (IV), (D) - (II)

(2) (A) - (II), (B) - (III), (C) - (I), (D) - (IV)

(3) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (III), (D) - (IV)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**40.** यदि $\sin A = \frac{4}{5}$, तो $(3 - \tan A)(2 + \cos A) =$

(1) $\frac{12}{5}$ (2) $\frac{13}{3}$ (3) $\frac{13}{5}$ (4) 3

**41.** एक आदमी स्थिर पानी में 8 km/h की रफ्तार से नाव चला सकता है। यदि जल प्रवाह की गति 2 km/h है और उसे एक स्थान पर जाने और वापस आने में 2 घंटे लगते हैं, तो वह स्थान से कितना दूर (km में) है ?

(1) 7.5 (2) 6 (3) 9.5 (4) 10

**42.** दिए गए विकल्पों में से, जम्मू को श्रीनगर से कौन-सा दर्रा जोड़ता है ?

(1) बनिहाल दर्रा (2) नाथू ला दर्रा

(3) नीति दर्रा (4) रोहतांग दर्रा

**43.** पद्म पुरस्कार-2024 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(1) पद्म विभूषण पुरस्कार ⟶ श्री कोनिडेला चिरंजीवी

(2) पद्म श्री पुरस्कार ⟶ मिथुन चक्रवर्ती

(3) पद्म भूषण पुरस्कार ⟶ म. फातिमा बीवी

(4) पद्म भूषण पुरस्कार ⟶ सीताराम जिंदल

**44.** सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I** **व्यक्ति** | **सूची-II** **काम का क्षेत्र** |
|---|---|
| (A) विशाखादत्त | (I) चिकित्सा (मेडिसिन) |
| (B) कार्तिकेय साराभाई | (II) कवि |
| (C) चरक | (III) पर्यावरणविद |
| (D) सत्येंद्र नाथ बोस | (IV) गणित |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (IV), (D) - (II)

(2) (A) - (II), (B) - (III), (C) - (I), (D) - (IV)

(3) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (III), (D) - (IV)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**45.** The following states were formed after 1960. What was the correct sequence of their formation ?

(A) Haryana (B) Sikkim

(C) Nagaland (D) Goa

Choose the correct answer from the options given below.

(1) (C), (B), (A), (D) (2) (C), (A), (B), (D)

(3) (C), (D), (A), (B) (4) (D), (C), (A), (B)

**46.** Out of the given options, which scheme's objective is to conduct an annual survey at the gram panchayat level to monitor the progress in the development process of rural areas ?

(1) Mission Antyodaya (2022-23) (2) Mission Karmayogi (2022-23)

(3) Mission Rashtriya Gokul (2022-23) (4) Mission Atmanirbhar Bharat (2022-23)

**47.** Which one of the following countries is ***not*** a member of the "Quadrilateral Security Dialogue", also known as "QUAD" ?

(1) China (2) Japan

(3) India (4) Australia

**48.** Who has become the first woman chairperson of the Railway Board of Indian Railways in 2023 ?

(1) Jaya Verma Sinha (2) Mita Vashishth

(3) Ravneet Kaur (4) Vasudha Gupta

**49.** Match List-I with List-II :

| **List-I Country** | **List-II Currency** |
|---|---|
| (A) Myanmar | (I) Ruble |
| (B) Russia | (II) Ngultrum |
| (C) Malaysia | (III) Kyat |
| (D) Bhutan | (IV) Ringgit |

Choose the correct answer from the options given below.

(1) (A) - (III), (B) - (I), (C) - (II), (D) - (IV)

(2) (A) - (III), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (II)

(3) (A) - (IV), (B) - (I), (C) - (III), (D) - (II)

(4) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)

**45.** 1960 के बाद निम्नलिखित राज्यों का गठन किया गया। उनके गठन का सही क्रम क्या था ?

(A) हरियाणा (B) सिक्किम

(C) नागालैंड (D) गोवा

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) (C), (B), (A), (D) (2) (C), (A), (B), (D)

(3) (C), (D), (A), (B) (4) (D), (C), (A), (B)

**46.** दिए गए विकल्पों में से किस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की विकास प्रक्रिया में प्रगति की निगरानी के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर एक वार्षिक सर्वेक्षण करना है ?

(1) मिशन अंत्योदय (2022-23) (2) मिशन कर्मयोगी (2022-23)

(3) मिशन राष्ट्रीय गोकुल (2022-23) (4) मिशन आत्मनिर्भर भारत (2022-23)

**47.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश "चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता" का सदस्य ***नहीं*** है, जिसे "क्वाड (QUAD)" के रूप में भी जाना जाता है ?

(1) चीन (2) जापान

(3) भारत (4) ऑस्ट्रेलिया

**48.** 2023 में भारतीय रेलवे बोर्ड की पहली महिला अध्यक्ष कौन बनी हैं ?

(1) जया वर्मा सिन्हा (2) मीता वशिष्ठ

(3) रवनीत कौर (4) वसुधा गुप्ता

**49.** सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I**<br>**देश** | **सूची-II**<br>**मुद्रा** |
|---|---|
| (A) म्यांमार | (I) रूबल |
| (B) रूस | (II) नगुलट्रम |
| (C) मलेशिया | (III) क्यात |
| (D) भूटान | (IV) रिंगिट |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) (A) - (III), (B) - (I), (C) - (II), (D) - (IV)

(2) (A) - (III), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (II)

(3) (A) - (IV), (B) - (I), (C) - (III), (D) - (II)

(4) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**50.** "Jhulaghat Suspension Bridge" between India and which country has become fully operational now ?

(1) Bhutan (2) Nepal

(3) China (4) Myanmar

**51.** Due to ocean acidification when the ocean becomes more acidic, what happens to the pH level of the ocean ?

(1) The pH level goes down.

(2) The pH level stays the same.

(3) The pH level goes up.

(4) The pH level becomes zero.

**52.** Who is the first para-athlete to receive the Padma Bhushan award in India ?

(1) Bhavina Patel

(2) Devendra Jhajharia

(3) Avani Lekhara

(4) Mariyappan Thangavelu

**53.** Zemu Glacier is located in which state of India ?

(1) Uttarakhand (2) Himachal Pradesh

(3) Sikkim (4) Arunachal Pradesh

**54.** Who among the following is Chile's first woman President ?

(1) Mary Robinson

(2) Michelle Bachelet

(3) Kim Campbell

(4) Jennifer Shipley

**55.** Which organisation developed and launched 'Ugram' Indigenous Assault Rifle for the armed forces ?

(1) ISRO (2) BEL

(3) HAL (4) DRDO

**56.** Which of the following substances is a bad conductor of electricity ?

(1) Diamond (2) Gold (3) Silver (4) Graphite

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**50.** भारत और किस देश के बीच "झूलाघाट सस्पेंशन ब्रिज" अब पूरी तरह से चालू हो गया है ?

(1) भूटान (2) नेपाल

(3) चीन (4) म्यांमार

**51.** महासागर अम्लीकरण के कारण जब महासागर अधिक अम्लीय हो जाता है, तो महासागर के पीएच (pH) स्तर का क्या होता है ?

(1) पीएच (pH) स्तर कम हो जाता है।

(2) पीएच (pH) स्तर समान रहता है।

(3) पीएच (pH) स्तर बढ़ जाता है।

(4) पीएच (pH) स्तर शून्य हो जाता है।

**52.** भारत में पद्म भूषण पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले पैरा-एथलीट कौन हैं ?

(1) भाविना पटेल

(2) देवेंद्र झाझरिया

(3) अवनि लेखरा

(4) मरियप्पन थंगावेलु

**53.** ज़ेमू ग्लेशियर भारत के किस राज्य में स्थित है ?

(1) उत्तराखंड (2) हिमाचल प्रदेश

(3) सिक्किम (4) अरुणाचल प्रदेश

**54.** निम्नलिखित में से चिली (Chile) की पहली महिला राष्ट्रपति कौन हैं ?

(1) मैरी रॉबिन्सन

(2) मिशेल बैचेलेट

(3) किम कैंपबेल

(4) जेनिफर शिपली

**55.** किस संगठन ने सशस्त्र बलों के लिए 'Ugram' स्वदेशी असॉल्ट राइफल विकसित और लॉन्च की है ?

(1) इसरो (ISRO) (2) बीईएल (BEL)

(3) एचएएल (HAL) (4) डीआरडीओ (DRDO)

**56.** निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ विद्युत का कुचालक है ?

(1) हीरा (2) सोना (3) चाँदी (4) ग्रैफाइट

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**57.** Which of the following disease is caused due to the deficiency of proteins ?

(1) Arthritis (2) Kwashiorkor

(3) Goitre (4) Night Blindness

**58.** Match List-I with List-II :

| **List-I**<br>**Navy (Institution)** | **List-II**<br>**Place** |
|---|---|
| (A) INS Chilka | (I) Goa |
| (B) INS Hansa | (II) Andhra Pradesh |
| (C) INS Satavahana | (III) Kerala |
| (D) INS Garuda | (IV) Odisha |

Choose the correct answer from the options given below.

(1) (A) - (III), (B) - (I), (C) - (II), (D) - (IV)

(2) (A) - (I), (B) - (IV), (C) - (II), (D) - (III)

(3) (A) - (IV), (B) - (I), (C) - (III), (D) - (II)

(4) (A) - (IV), (B) - (I), (C) - (II), (D) - (III)

**59.** DRDO has conducted the first successful flight test of Agni-5 missile equipped with MIRV technology. What is the full form of MIRV ?

(1) Multiple Independently Targetable Re-Entry Vehicle

(2) Mission India Target Re-Entry Vehicle

(3) Multiple Independently Technology Re-Entry Vehicle

(4) Multiple Indirect Targetable Re-Entry vehicle

**60.** Which Indian has won the "Ramon Magsaysay Award-2023" ?

(1) Korvi Rakshand

(2) Ashwini Kumar

(3) Dipti Ranjan Sahoo

(4) Dr. Ravi Kannan R.

**57.** निम्नलिखित में से कौन-सी बीमारी प्रोटीन की कमी के कारण होती है ?

(1) गठिया (2) क्वाशियोरकोर

(3) गलगंड (गोइटर) (4) रतौंधी

**58.** सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I नौसेना (संस्थान)** | **सूची-II स्थान** |
|---|---|
| (A) आईएनएस चिल्का | (I) गोवा |
| (B) आईएनएस हंसा | (II) आंध्र प्रदेश |
| (C) आईएनएस सातवाहन | (III) केरल |
| (D) आईएनएस गरुड़ | (IV) ओडिशा |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

(1) (A) - (III), (B) - (I), (C) - (II), (D) - (IV)

(2) (A) - (I), (B) - (IV), (C) - (II), (D) - (III)

(3) (A) - (IV), (B) - (I), (C) - (III), (D) - (II)

(4) (A) - (IV), (B) - (I), (C) - (II), (D) - (III)

**59.** डी.आर.डी.ओ. ने एम.आई.आर.वी. तकनीक से लैस अग्नि-5 मिसाइल का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया है। एम.आई.आर.वी. (MIRV) का पूर्ण रूप क्या है ?

(1) मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हिकल

(2) मिशन इंडिया टार्गेट री-एंट्री व्हिकल

(3) मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टैक्नोलोजी री-एंट्री व्हिकल

(4) मल्टीपल इन्डाइरेक्ट टार्गेटेबल री-एंट्री व्हिकल

**60.** किस भारतीय ने "रमन मैग्सेसे पुरस्कार-2023" जीता है ?

(1) कोरवी रक्षंद

(2) अश्विनी कुमार

(3) दीप्ति रंजन साहू

(4) डॉ. रवि कन्नन आर.

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK
## रफ़ कार्य के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## रफ़ कार्य के लिए जगह

***Read carefully the following instructions :***

8. No candidate will be allowed to leave the OMR Answer Sheet blank. If any OMR Answer Sheet is found blank, it shall be crossed by the Invigilator with his/her signature, mentioning "Cancelled" on it.

9. Do not tear or fold any page of the Test Booklet and OMR Answer Sheet.

10. Candidates are advised to ensure that they fill the correct particulars on the OMR Answer Sheet, i.e., Application No., Roll No., Test Booklet No., Name, Mother's Name, Father's Name and Signature.

11. In case of any discrepancy in any question between English and Hindi/Regional language version, the English version will be considered as the final version for evaluation.

12. Rough work is to be done in the space provided for this purpose in the Test Booklet only.

13. The answers will be evaluated through electronic scanning process. Incomplete or incorrect entries may render the OMR Answer Sheet invalid.

14. Candidates are advised not to fold or make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Use of Eraser, Nail, Blade, White Fluid/Whitener, etc., to smudge, scratch or damage in any manner the OMR Answer Sheet during examination is strictly prohibited. Candidature and OMR Answer Sheet of candidates using Eraser, Nail, Blade or White Fluid/Whitener to smudge, scratch or damage in any manner shall be cancelled.

15. There will be one copy of OMR Answer Sheet i.e., the Original Copy. After the examination is over, the candidate shall hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator. The candidate can take away the Test Booklet after the examination is over. If the candidate does not hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator and goes away with the OMR Answer Sheet, his/her candidature shall be cancelled and criminal proceedings shall also be initiated against him/her.

16. Candidates are advised strictly not to carry handkerchief, any mobile phone, any type of watch, belt or wear ornaments like ring, chain, ear-ring, etc., electronic or communication device, pen, pencil, eraser, sharpener and correction fluid to the Examination Centre. If any candidate is found possessing any such item, he/she will not be allowed to enter the examination centre. Possession of a mobile phone or any other aiding material as mentioned above by the candidate in the examination room will be treated as a serious violation and it may lead to cancellation of the candidature and debarring him/her from future examinations.

17. If a candidate violates any instructions or shows any indiscipline or misbehaviour, appropriate action will be taken including cancellation of candidature and debarring from future examinations.

18. Use of electronic/manual calculator is **not** allowed.

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :***

8. किसी भी परीक्षार्थी को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक रिक्त छोड़ने की अनुमति नहीं है । यदि कोई ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक रिक्त पाया जाता है, तो निरीक्षक उस ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को क्रॉस कर उस पर "रद्द" लिख कर अपने हस्ताक्षर कर देगा/देगी ।

9. परीक्षण पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के किसी भी पृष्ठ को न तो फाड़ें और न ही मोड़ें ।

10. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उन्होंने ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर बिलकुल सही-सही विवरण, अर्थात् आवेदन संख्या, अनुक्रमांक, परीक्षण पुस्तिका संख्या, नाम, माता का नाम, पिता का नाम और हस्ताक्षर भली-भांति भरा है ।

11. यदि किसी प्रश्न में, उसके अंग्रेज़ी संस्करण और उसके हिन्दी/क्षेत्रीय भाषा के भाषांतर में कोई विसंगति/अंतर है, तो ऐसी स्थिति में उस प्रश्न के अंग्रेज़ी संस्करण को ही अंतिम मानते हुए मूल्यांकन किया जाएगा ।

12. रफ कार्य परीक्षण पुस्तिका में ही, इसके लिए दिए गए निर्धारित स्थान में किया जाना है ।

13. उत्तरों का मूल्यांकन इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा । अपूर्ण या ग़लत प्रविष्टियाँ ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को अमान्य कर सकती हैं ।

14. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक न मोड़ें, और न ही उस पर कोई अवांछित चिह्न बनाएँ । परीक्षा के दौरान ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर इरेज़र, नाखून, ब्लेड, व्हाइट फ्लूइड/व्हाइटनर आदि का प्रयोग करना, जिससे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर किसी तरह का धब्बा, खरोंच, या कोई क्षति होती हो, सख़्त वर्जित है । इरेज़र, नाखून, ब्लेड या व्हाइट फ्लुइड/व्हाइटनर आदि का इस्तेमाल कर ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर किसी तरह का धब्बा, खरोंच, या कोई क्षति पहुँचाने वाले परीक्षार्थियों की अभ्यर्थिता (कैंडीडेचर) और उनके ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को रद्द कर दिया जाएगा ।

15. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की एक प्रति, अर्थात् मूल प्रति ही होगी । परीक्षा समाप्त हो जाने पर परीक्षार्थी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक निरीक्षक को सौंप देंगे । परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षार्थी परीक्षण पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं । यदि परीक्षार्थी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक निरीक्षक को नहीं सौंपता है और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक भी अपने साथ ले कर चला जाता है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही भी शुरू कर दी जाएगी ।

16. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा केन्द्र में अपने साथ रूमाल, कोई मोबाइल फ़ोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट या शरीर पर धारण की हुई अंगूठी, चेन, कोई कर्ण-आभूषण आदि, इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण, पेन, पेंसिल, इरेज़र, शार्पनर और करेक्शन फ्लुइड बिलकुल न लेकर जाएँ । यदि किसी भी परीक्षार्थी के पास ऐसी कोई भी वस्तु पाई जाती है, तो उसे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी । परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी के पास उपर्युक्त मोबाइल फ़ोन या ऐसी कोई सहायक वस्तु मिलने पर इसे गंभीर उल्लंघन माना जाएगा, जिससे उस परीक्षार्थी की अभ्यर्थिता रद्द करने के साथ-साथ उसे भावी परीक्षाओं से विवर्जित किया जा सकता है ।

17. यदि परीक्षार्थी अनुदेशों का पालन नहीं करता है, या किसी प्रकार का कदाचार या अनुशासन-हीनता प्रदर्शित करता है, तो उपयुक्त कार्रवाई, जिसमें अभ्यर्थिता का निरसन और भावी परीक्षाओं से विवर्जित करना शामिल है, की जाएगी ।

18. इलेक्ट्रॉनिक/मैनुअल कैल्कुलेटर के प्रयोग की अनुमति **नहीं** है ।